<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में बीआईएस क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन</u>

पंतनगर। 17 मार्च 2026। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय स्थित पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेस एवं फूड इंजीनियरिंग विभाग में 'ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स' विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 200 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस कार्यक्रम का आयोजन बीआईएस स्टूडेन्ट चैप्टर पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेस एवं फूड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानकीकरण, गुणवत्ता नियंत्रण एवं खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित बीआईएस मानकों के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम स्थान पर दीपक वर्मा रहे, जिन्हें रू. 5000 हजार का नकद पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान पर तनय पंत एवं कुनाल टम्टा रहे, जिन्हें रू. 2000–2000 हजार की नकद राशि प्रदान की गई। तृतीय स्थान पर मोहित कंडपाल, निधि पाल एवं ज्ञान प्रकाश रहे, जिन्हें रू. 1000–1000 हजार की नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एस. एस. गुप्ता रहे। इस अवसर पर डा. एस. बी. सिंह, स्टैंडर्डाइजेशन चेयर प्रोफेसर, बीआईएस, डा. पी. के. ओमरे, विभागाध्यक्ष, पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेस एवं फूड इंजीनियरिंग विभाग तथा सचिन कुमार, मेंटॉर, बीआईएस स्टूडेंट चौप्टर, पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेस एवं फूड इंजीनियरिंग विभाग भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए तथा छात्रों को गुणवत्ता एवं मानकीकरण के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन बीआईएस स्टूडेंट चौप्टर की टीम द्वारा किया गया, जिसकी सभी उपस्थितजनों ने सराहना की।